प्रारूप-6

# संयुक्त निरीक्षण

जनपद–उत्तरकाशी, ब्लाक–मोरी के तोक–पूर्ति में विद्युतीकरण का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति के अन्तर्गत तोक–पूर्ति का सर्वे किया जा रहा था। यह तथ्य काफी समय बाद प्रकाश में आया कि इस विद्युत लाइन का भाग गोविन्द पशु विहार/वन्य जीव विहार क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। और वन्य जीव विहार क्षेत्र में कार्य करने हेतु मा0 उच्चतम न्यायालय से अनुमति ली जानी नितान्त आवश्यक है। मा0 उच्चतम न्यायालय से वन्य जीव विहार क्षेत्र में सर्वे करने की स्वीकृति प्राप्त किये जाने हेतु कार्य स्थल का संयुक्त निरीक्षण निर्माण एजेंसी एवं वन विभाग व राजस्व विभाग के द्वारा एक साथ दिनांक 02.03.2017 को किया गया। निरीक्षण में कार्यदायी संस्था की ओर से अवर अभियन्ता तथा वन विभाग से वन दरोगा/वन आरक्षी, सांकरी व मै0 पीर पंचाल कन्स्ट्रक्शन प्रा0 लि0 के प्रतिनिधि श्री हैदर अली उपस्थित रहे।

संयुक्त निरीक्षण में विद्युत लाइन बिछाने हेतु प्रस्तावित रूट के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक रूट का भी निरीक्षण किया गया। अन्य वैकल्पिक रूट भी पूर्णतः संरक्षित क्षेत्र व सघन वन क्षेत्र है जिस पर विद्युत लाइन निर्माण में अत्यधिक वृक्षों का पातन होगा साथ ही वैकल्पिक रूट पर सघन वन के साथ–साथ उच्च पर्वतीय क्षेत्र, कठोर चटटाने व पानी के झरने होने के कारण वैकल्पिक रूट पर विद्युत लाइन बिछाना सम्भव नहीं है। अतः विद्युत लाइन बिछाने हेतु प्रस्तावित रूट ही उपयुक्त पाया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अर्न्तगत सर्वे अनुसार प्रस्तावित निर्माणाधीन कुल विद्युत लाइन लम्बाई में से वन भूमि 0.46 हे0 के अर्न्तगत आ रही है, तोक–पूर्ति का विद्युतीकरण किया जाना नितान्त आवश्यक है ताकि तोक–पूर्तिग्रामवासियों को विद्युत की मूलभूत सुविधा से जोडा जा सके। ताकि केन्द्रीय योजना से प्राप्त धनराशि का सदुपयोग हो सके।

उपरोक्त विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण करने से किसी वन्यजीव पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पडेगा।

| | | |
|---|---|---|
| अवर अभियन्ता (परि0)<br>ग्रा0 वि0 उपखण्ड<br>देहरादून/उत्तरकाशी | उपखण्ड अधिकारी (परि0)<br>ग्रा0 वि0 उपखण्ड<br>देहरादून/उत्तरकाशी | अधिशासी अभियन्ता (परि0)<br>ग्रा0 वि0 खण्ड<br>उत्तराखण्ड पावर का0 लि0<br>देहरादून |
| सम्बन्धित वन आरक्षी/वन दरोगा<br>सांकरी | वनक्षेत्राधिकारी<br>सांकरी रेंज | उपनिदेशक<br>गोविन्द वन्य जीव विहार<br>उत्तरकाशी |
| क्षेत्रीय पटवारी | उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार | प्रतिहस्ताक्षरित<br>जिलाधिकारी<br>उत्तरकाशी |